
**Directions (1-5): निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.**

आठ व्यक्ति एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार चारों कोनो पर केंद्र की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं और शेष चार जो भुजा के मध्य में बैठे हैं वे सभी बाहर की ओर उन्मुख हैं. वे सभी एक ही वर्ष के एक ही महीने की 21 से आरम्भ होते हुए 28 तक विभिन्न तरीखों में जन्म लेते हैं. वे विभिन्न भाषाएं सीखते हैं.
S, V के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है और उसने 22वीं तारीख को जन्म लिया था. S केंद्र के अंदर की ओर उन्मुख है. U जो रूसी भाषा सीखता है और T जो केंद्र की ओर उन्मुख है, उनके मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं. U, S का निकटतम पड़ोसी नहीं है. Q कोने पर बैठा है और डच भाषा सीखता है. Q और 24 से बड़ी विषम संख्या वाली तिथि के दिन जन्म लेने वाले व्यक्ति के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं. फ्रेंच सीखने वाला व्यक्ति Q का निकटतम पडोसी नहीं है. V न तो अंग्रेजी न ही स्पेनिश सीखता है.
R केंद्र की ओर उन्मुख है. 23 तारीख को जन्म लेने वाला व्यक्ति जर्मन सीखता है और केंद्र की ओर उन्मुख है. स्पेनिश सीखने वाला व्यक्ति 25 तारीख को जन्म लेता है. सबसे छोटा व्यक्ति हिंदी सीखता है और P दूसरा सबसे छोटा व्यक्ति नहीं है. P, W के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है, W जो फ्रेंच सीखता है. स्वीडिश भाषा सीखने वाला व्यक्ति, अंग्रेजी सीखने वाले व्यक्ति के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है. Q एक विषम संख्या वाली तिथि पर जन्म लेता है. न तो R न ही P अंग्रेजी भाषा सीखता है. T, U से 2 दिन बड़ा है. V सबसे छोटा व्यक्ति है.

**Q1. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति R के ठीक दायें बैठा है?**
(a) P
(b) फ्रेंच सीखने वाला व्यक्ति
(c) Q
(d)महीने की 28 तारीख को जन्म लेने वाला व्यक्ति
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q2. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति स्पेनिश सीखता है?**
(a) P
(b) T
(c) R
(d) U
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q3. V निम्नलिखित में से कौन सी भाषा सीखता है?**
(a) स्पेनिश
(b) रूसी
(c) हिंदी
(d) डच
(e) इनमें से कोई नहीं



**Q4. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति महीने की 23 तारीख को जन्म लेता है?**
(a)T
(b)P
(c)W
(d)R
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q5. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति स्वीडिश सीखने वाले व्यक्ति के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है?**
(a) वह व्यक्ति जो रूसी सीखता है
(b) वह व्यक्ति जो 28 को जन्म लेता है
(c)U
(d) वह व्यक्ति जो फ्रेंच सीखता है
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (6-10): निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**
एक निश्चित कूट भाषा में,
**"Strategy Capital Security"** को " **V#10 Z&12 G#18"** के रूप में लिखा जाता है
**"Article Quota Breaking"** को **"F&6 I#10 I&12"** के रूप में लिखा जाता है
**"Ultimate Vehicle Analysis"** को **"V&12 O#12 M#10"** के रूप में लिखा जाता है

**Q6. 'Medical' का कूट क्या है?**
(a) N#10
(b) V&12
(c) D&6
(d) U#14
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q7. 'Nuclear' का कूट क्या है?**
(a) O&10
(b) H&12
(c) M#16
(d) F&12
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q8. 'Social Depend' का कूट क्या है?**
(a) G&10 K&14
(b) F#12 L#6
(c) V#12 L#6
(d) V&12 H#10
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q9. निम्नलिखित में से किस शब्द को 'R&12' के रूप में कूटबद्ध किया गया है?**

(a) Prediction

(b) Rise

(c) Disaster

(d) Finance

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q10. 'Community' का कूट क्या है?**

(a) L&18

(b) K#6

(c) M&10

(d) L#18

(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (11-15): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

एक शब्द और संख्या व्यवस्था मशीन को जब शब्दों और संख्याओं की एक इनपुट पंक्ति दी जाती है, तो वह प्रत्येक चरण में एक निश्चित नियम का अनुसरण करते हुए उन्हें व्यवस्थित करती है। निम्नलिखित इनपुट और पुनर्व्यवस्था का एक उदाहरण है:

**इनपुट: 87 power 13 tide fish 25 around 36 58 union 79 ice**

चरण I: 131 87 power tide fish around 36 58 union 79 ice 252

चरण II: around 131 87 power tide 36 58 union 79 ice 252 fish

चरण III: 363 around 131 87 power tide union 79 ice 252 fish 584

चरण IV: ice 363 around 131 87 tide union 79 252 fish 584 power

चरण V: 795 ice 363 around 131 tide union 252 fish 584 power 876

चरण VI: tide 795 ice 363 around 131 252 fish 584 power 876 union

**चरण** VI उपर्युक्त व्यवस्था का अंतिम चरण है।

उपर्युक्त दिए गए चरणों में अनुसरण किए गए नियमों के अनुसार, दिए गए इनपुट के लिए निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में उपयुक्त चरण ज्ञात कीजिए।

**इनपुट : quiz 9 rough 71 guest 19 deep 43 57 sanctity 94 light**

**Q11. व्यवस्था को पूरा करने लिए कितने चरणों की आवश्यकता है?**

(a) X

(b) VIII

(c) IX

(d) VI

(e) इनमें से कोई नहीं



**Q12. चरण II में बाएँ छोर से दूसरी तथा चरण IV में दाएं छोर से पांचवीं संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।**
(a) 312
(b) 210
(c) 190
(d) 185
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q13. चरण IV में बाएं छोर से दूसरी संख्या तथा चरण II में दाएं छोर से दूसरी संख्या के बीच कितना अंतर होगा?**
(a) 290
(b) 183
(c) 193
(d) 241
(e) 242

**Q14. चरण V में दाएं छोर से तीसरे तत्व के बाएं से छठा तत्व कौन-सा होगा?**
(a) 91
(b) deep
(c) 433
(d) light
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q15. चरण IV में, निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द/संख्या बाएं से चौथे स्थान पर होगा?**
(a) sanctity
(b) 91
(c) 71
(d) rough
(e) None of these

**Directions (16-20): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में, एक प्रश्न और दो कथन I और II दिए गए हैं। आपको यह निर्धारित करना है कि कथन में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उसके अनुसार उत्तर दीजिए:**
(a) यदि कथन I और कथन II में दी गई जानकारी एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(b) यदि कथन I और कथन II में दी गई जानकारी एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) यदि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है.
(d) यदि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है.
(e) यदि या तो कथन I में दी गई जानकारी अकेले या कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है.

**Q16. सात व्यक्ति अर्थात M, P, Q, R, S, T, U एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। निम्नलिखित में से कौन पंक्ति के मध्य में बैठा है?**

**कथन : I.** P, S के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है, S जो U के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Q और R एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं।

**II.** Q, S का पड़ोसी नहीं है, S जो बाएँ छोर से 5 वें स्थान पर बैठा है।

**Q17. एक निश्चित कूट भाषा में 'monsoon' के लिए क्या कूट है?**

**कथन : I.** एक निश्चित कूट भाषा में 'monsoon park Italy campus' को 'so la ti do' के रूप में तथा 'park Italy paper pen' को 'la ti pe np' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।

**II.**एक निश्चित कूट भाषा में 'week year train car' को 'yp mn cs tr' के रूप में तथा 'campus monsoon week year' को 'do so yp mn' के रूप में कूटबद्ध किया गया है

**Q18. 5 संस्थानों अर्थात A, B, C, D, E में से प्रत्येक को एक विषय में विशेषज्ञता प्राप्त है अर्थात data structure, chemistry, anatomy, botany, economics, जिस संस्थान का नाम किसी एक विषय के पहले वर्ण के समान है, वह उस निश्चित विषय में विशेषज्ञता प्राप्त नहीं है। anatomy में किस संस्थान को विशेषज्ञता प्राप्त है।**

**कथन : I.** संस्थान C को economics या data structure में विशेषज्ञता प्राप्त नहीं है।

**II.** संस्थान -B को न तो economics में न ही chemistry में विशेषज्ञता प्राप्त है। संस्थान- A को data structure में विशेषज्ञता प्राप्त है.

**Q19. छह व्यक्ति अर्थात M, N, O, P, R और S एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। N के संदर्भ में, O किस स्थान पर है?**

**कथन : I.** M, O के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है तथा N के दायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। न तो S न ही O, M के निकट बैठा है।

**II.** R, S के दायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा हैं। N और M, R के निकटतम पड़ोसी हैं।

**Q20. एक परिवार में पांच सदस्य अर्थात P, Q, R, S, T हैं। इस परिवार में 2 विवाहित युगल हैं और 2 पीढ़ियाँ हैं। R, S से किस प्रकार सम्बंधित है?**

**कथन : I.** P एक महिला है। S, Q का पुत्र है।

**II.**T, S से विवाहित है। R, Q का अविवाहित भाई है।

**Directions (21-25): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G, H एक वृत्ताकार मेज़ के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से चार विभिन्न रंगों को पसंद करते हैं और चार विभिन्न फलों को पसंद करते हैं। H को हरा रंग पसंद है और लीची पसंद करने वाले व्यक्ति के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। लीची पसंद करने वाले व्यक्ति के दोनों निकटतम पड़ोसी फल पसंद नहीं करते हैं। E,



A के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है और दोनों को रंग पसंद नहीं है। G को आम पसंद है। C के दोनों निकटतम पड़ोसियों को फल पसंद है। E, D की ओर उन्मुख है। B नीला रंग पसंद करने वाले व्यक्ति की ओर उन्मुख है और वह A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E को सेब पसंद नहीं है और D को लाल रंग पसंद है। F को पीला रंग पसंद नहीं है। B को लीची पसंद नहीं है और वह E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E को केला पसंद है। D के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति को सेब पसंद नहीं है.

**Q21. निम्नलिखित में से किसे पीला रंग पसंद है?**
(a) B
(b) E
(c) F
(d) D
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q22. निम्नलिखित में से कौन आम पसंद करने वाले व्यक्ति की ओर उन्मुख है?**
(a) B
(b) E
(c) F
(d) D
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q23. लाल रंग पसंद करने वाले व्यक्ति के दाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) C
(b) E
(c) F
(d) D
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q24. निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित प्रकार से एक समान हैं और इसलिए एक समूह का निर्माण करते हैं. ज्ञात कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन उस समूह से सम्बंधित नहीं है?**
(a) C
(b) B
(c) F
(d) D
(e) H

**Q25. B के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति को निम्नलिखित में से क्या पसंद है?**
(a) लीची
(b) केला
(c) नीला
(d) सेब
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (26-30): इन प्रश्नों में, प्रतीकों #, ©, π, $ और % को नीचे दिए गए उदाहरण के साथ निम्नलिखित अर्थ में उपयोग किया गया है:**

'A # B' का अर्थ है 'A, B से छोटा है'
'A © B' का अर्थ है 'A, B से बड़ा है'
'A π B' का अर्थ है 'A या तो B से छोटा है या बराबर है'
'A $ B' का अर्थ है 'A या तो B से बड़ा है या बराबर है'
'A % B' का अर्थ है 'A न तो B से छोटा है न ही बड़ा है'
नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में, दिए गये कथनों को सत्य मानते हुए,ज्ञात कीजिए कि नीचे दिए गये दो निष्कर्षों I और II में से कौन-सा/से निश्चित रूप से सत्य है/हैं।: उत्तर दीजिए
(a) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है।
(b) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है।
(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।
(d) यदि न तो निष्कर्ष I न तो II सत्य है।
(e) यदि निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।


**Q26. कथन:** L $ M % Q © S # T π P
**निष्कर्ष: I.** T © L **II.** L © S

**Q27. कथन:** W # H π I % C $ H © S
**निष्कर्ष: I.** C $ W **II.** I © S

**Q28. कथन:** W % X © Y π Z © R % L
**निष्कर्ष: I.** Z © L **II.** Y # W

**Q29. कथन:** A # N % O π T π H # E
**निष्कर्ष: I.** E $ O **II.** H © N

**Q30. कथन:** P © V % T # D # M $ F
**निष्कर्ष: I.** M © V **II.** P # F



adda247 publications

## BOOKS




**Visit:** publications.adda247.com & store.adda247.com

For any information, mail us at **publications@adda247.com**